दिनांक : 24.04.2045 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने उठाए कई कड़े कदम, पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में भारत छोड़ने का आदेश।
- राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस आज, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर की पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम सभाओं को करेंगे संबोधित।
- मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर भोपाल में होगा विरासत से विकास की थीम पर ड्रोन लाइट शो।
- प्रदेश में मौसम के तेवर तीखे, आज 21 जिलों में लू चलने के लिए यलो अलर्ट जारी।

विदेश मंत्रालय-सीसीएस

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि, 1960 को निलंबित करने और चेक पोस्ट अटारी को तत्काल प्रभाव से बंद करने सहित कई कड़े कदम उठाए। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा छूट योजना वीजा के तहत भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस वीजा के तहत भारत में मौजूद किसी भी पाकिस्तानी नागरिक के पास भारत छोड़ने के लिए 48 घंटे का समय है। विदेश सचिव ने बताया कि नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में सैन्य, नौसेना और वायु सेना सलाहकारों को भारत छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय है।

भारत इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग से अपने सैन्य सलाहकारों को वापस बुलाएगा। उधर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश को आश्वस्त किया है कि किसी भी दोशी को बख्शा नहीं जाएगा।

प्रधानमंत्री-पंचायती राज दिवस

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार के मधुबनी से देशभर की पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम सभाओं को संबोधित करेंगे। इस वर्ष यह दिवस संपूर्ण-सरकार दृष्टिकोण के माध्यम से एक प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में मनाया जा रहा है, जिसमें छह केंद्रीय मंत्रालयों ग्रामीण विकास, आवास और शहरी मामले, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बिजली, रेलवे और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भागीदारी शामिल है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी इन मंत्रालयों से जुड़ी कई प्रमुख बुनियादी ढांचा और कल्याण परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करने और आधारशिला रखने वाले हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी विशेष श्रेणी के राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार-2025 भी प्रदान करेंगे।

खादी बिक्री

खादी और ग्रामोद्योग का कुल कारोबार वित्त वर्ष 2024-25 में 1 लाख 70 हजार करोड़ रूपये के आंकड़े को पार कर गया है। यह स्वतंत्र भारत के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक कारोबार है। खादी और ग्रामोद्योग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि बीते 11 वर्षों में खादी और ग्रामोद्योग के उत्पादन में 347 प्रतिशत और बिक्री में 447 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। केवीआईसी ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को बढ़ाने की दिशा में भी उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। रोजगार में 49 दशमलव 2-3 फीसदी की वृद्धि हुई है।

झाबुआ मोटी आई-सम्मान

झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना को नवाचारों के लिए सिविल सेवा दिवस पर एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया है। सुश्री मीना को आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत चयनित किया गया है।

आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत झाबुआ के रामा ब्लॉक क्षेत्रों में प्रगति को काफी गति मिली है। अवार्ड के बाद नेहा मीणा ने आकाशवाणी को बताया कि ब्लॉक में पोषण आहार, किसानों की समृद्ध फसलें, हर घर जल, हर वंचित को पक्के मकान के साथ झाबुआ ज़िले की मोटी आई अभियान साकार रूप ले रहा है।

वहीँ, मोटी आई योजना की लाभार्थी ने इस योजना के फायदे बताये.

ड्रोन लाइट शो

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर एक नवम्बर को भोपाल में विरासत से विकास की थीम पर ड्रोन लाइट शो आयोजित किया जाए। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की कार्यकारी समिति की बैठक में कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में इसरो के समान शोध केंद्र बनाने की दिशा में भी विद्वानों और विशेषज्ञों से सलाह लेकर पहल की जाए। इससे अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे। नीमच में मध्यप्रदेश बायो-टेक्नॉलोजी पार्क की स्थापना कर इससे जुड़ा इन्क्यूवेशन सेंटर साइंस सिटी उज्जैन में बनाया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि परिषद द्वारा प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों पर केंद्रित डिजिटल एटलस विकसित किया जा रहा है।

इंदौर अंतिम संस्कार

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में जान गंवाने वाले सुशील नथानियल का अंतिम संस्कार आज इंदौर में होगा। उनकी बेटी आकांक्षा गोली लगने से घायल हुई हैं। इससे पहले कल रात करीब 9 बजे सुशील नथानियल की पार्थिव देह इंदौर एयरपोर्ट लाई गई।

यहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार के प्रति शोक संवेदना जताई। सुशील आलीराजपुर स्थित एलआईसी की सैटेलाइट शाखा में पदस्थ थे।

मौसम

प्रदेश में मौसम के तेवर तीखे हैं। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के लगभग आधे हिस्से में लू चलने की चेतावनी देते हुए 21 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। भोपाल में कल दिन का अधिकतम तापमान 40 दशमलव 6 डिग्री दर्ज किया गया। दिन भर सडकों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। वहीं, रतलाम में पारा 44 दशमलव 2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि भोपाल में आज लू नहीं चलेगी, लेकिन मौसम का मिजाज गर्म रहेगा। वहीं, 26 और 27 अप्रैल को छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट और सिवनी जिलों में बादल छाने, गरज-चमक और हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना जताई गई है।

योगासन चैंपियनशिप 2030

एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप का दूसरा संस्करण 25 से 27 अप्रैल तक दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन खेल

मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण-साई के सहयोग से किया जा रहा है। इसमें 21 एशियाई देशों के कुल 170 खिलाड़ी भाग लेंगे।

समाचार संक्षेप में .....

- पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में भोपाल में कांग्रेस पार्टी द्वारा रात्रि में कैंडल मार्च निकाला गया। इस मार्च में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह और विधायक आरिफ मसूद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।
- बालाघाट जिले के शासकीय कन्या परिसर में बाल विवाह मुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं को बाल विवाह न करने, रोकने व उससे होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी गई।
- कटनी में पुलिस विभाग एवं आवाज़ संस्था के संयुक्त तत्वावधान मे लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012-पॉक्सो के संबंध में एक दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- सीधी में जल गंगा संवर्धन अभियान में नदी, तालाब निर्माण कार्य, साफ-सफाई, नवीन संरचनाओं और खेत तालाब निर्माण जैसे कार्य प्रारंभ कराये गये।
- उमरिया में संत शिरोमणि सेन  महाराज की जयंती कार्यक्रम का आयोजन बांधवगढ़ ताला में 25 अप्रैल को किया गया है।
- गुना में युवा संगम जिला स्तरीय रोजगार व स्वरोजगार कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 323 हितग्राहियों को 4 करोड़ 20 लाख का हितलाभ वितरण किया गया और निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए 153 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया।
- डिंडौरी में मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जिले में संचालित सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र और ई रोड में ज्ञानदान अभियान एवं आजीविका पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया।
- भोपाल के बैरसिया और नजीराबाद रेंज में जैव विविधता अधिनियम पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जैव विविधता संरक्षण और जैविक संसाधनों से प्राप्त लाभों के बंटवारे के बारे में जागरूकता फैलाना था।
- पन्ना जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों द्वारा सिमराखुर्द गांव में बोरी बंधान का कार्य किया गया।

- मुरैना में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के प्राइवेट नर्सिंग होम का निरीक्षण कर फायर सेफ्टी सप्ताह के तहत जानकारी तथा मोकड्रिल का अवलोकन किया।

-------